वृंदावन योजना में बनेगी आइटी एंड एआइ सिटी

सरकार की प्राथमिकता में शामिल कंवेंशन सेंटर भी इसी परिसर में 3.20 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

धर्मेश अवस्थी • जागरण

लखनऊ : डिफेंस एक्सपो व जी-20 जैसे भव्य आयोजन कराने वाली जमीन की अब नई पहचान होगी। वृंदावन योजना का सेक्टर 15 आइटी एंड एआइ सिटी के रूप में विख्यात होगा, जहां देश-दुनिया की प्रख्यात कंपनियां आने को बेकरार हैं। प्रदेश सरकार का महत्वाकांक्षी कंवेंशन सेंटर भी इसी परिसर में दमकेगा। योजना को आकार देने का खाका खिंच गया है, कुछ ही माह में भूखंडों का आवंटन करने के लिए पंजीकरण खोला जाएगा।

वृंदावन योजना का सेक्टर 15 में कंवेंशन सेंटर व आइटी एंड एआइ सिटी बसाने का ले-आउट तैयार हो चुका है, यहां 100 से अधिक भूखंड आइटी व एआइ कंपनियों के लिए चिह्नित हुए हैं। साथ ही ग्रुप हाउसिंग व होटलों को भी जगह दी गई है, इसी को ध्यान में रखकर यहां मेट्रो लाने की योजना बनी है। जाम से बचने के लिए अंडर ग्राउंड पार्किंग के अलावा मल्टी लेवल पार्किंग भी होगी, जहां 5000 से अधिक कारें खड़ी हो सकेंगी। परिसर में 45 मीटर चौड़ी सड़कें होंगी। प्रस्तावित आइटी एंड एआइ सिटी एयरपोर्ट से 11 किलोमीटर की दूरी पर है, शहीद पथ से बेहतर कनेक्टिविटी है। पीजीआइ व ट्रामा सेंटर के बेहद करीब है, कैंसर संस्थान, मेदांता भी नजदीक है और मैक्स का अत्याधुनिक हास्पिटल वृंदवन योजना में ही बनना है। लुलु व पलासियो माल, इकाना स्टेडियम आदि करीब हैं।

योजना से करीब 3.20 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें 2.80 लाख रोजगार आइटी व एआइ कंपनियां देंगी, बाकी निर्माण व अन्य कार्यों में उपयोग होगा। राजधानी में अन्य संस्थाओं ने भी आइटी सिटी, वेलनेस सिटी जैसी योजनाएं प्रस्तावित की हैं, लेकिन वहां भूमि लेकर विकास कार्य कराना है, जबकि वृंदवन में सारी आधारभूत सुविधाएं पहले से उपलब्ध हैं।

10 हजार लोगों के बैठने की क्षमता वाला देश का पहला कंवेंशन सेंटर बनाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार अनुमति दे चुकी है, प्रस्तावित कंवेंशन सेंटर को पांच-पांच हजार के दो, ढाई-ढाई हजार के चार, 1250-1250 के आठ व 650-650 के सोलह हिस्सों में बांटा जा सकेगा, यानी इंटरनेशनल आदि कांफ्रेंस के लिए जैसी आवश्यकता होगी, उतना आकार दिया जा सकता है।

आइटी एंड एआइ सिटी का प्लान

100 से अधिक भूखंड मिलेंगे प्रख्यात कंपनियों को

7 फाइव स्टार व एक बजट होटल के साथ 5000 कारों की पार्किंग

भूमि की कीमत

आवासीय - 41,000 रुपये

ग्रुप हाउसिंग - 61,500 रुपये

कामर्शियल : 82,000 रुपये

(नोट : कीमत वर्ग मीटर में)

भूमि का ऐसे होगा उपयोग

योजना	क्षेत्रफल (एकड़ में)	संख्या
आइटी व एआइ भूखंड	79.13	11
कंवेंशन सेंटर	32.15	01
होटल	28.6	08
हरा-भरा क्षेत्र	19.57	03
ग्रुप हाउसिंग	17.55	01
कामर्शियल एरिया	13.3	02
पार्किंग	2.9	01
रोड एंड कैनाल	62.67	--
कुल	258.59	28



आइटी एंड एआइ सिटी बसाने के लिए कंपनियों से सुझाव भी मांगे गए हैं। एक माह में उनके सुझाव आने पर कार्य कराया जाएगा, नई सिटी का खाका तैयार हो चुका है। भूमि पंजीकरण की प्रक्रिया जल्द शुरू कराएंगे।

-डा. बलकार सिंह, आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश